12/11/20
07.12.20
10/12/20
14.12.20

# न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, चास।

द०प्र०सं० की धारा 144 के अन्तर्गत कार्यवाही
एम०पी० वाद संख्या 204/2020

प्रथम पक्ष :– 1. निलेश कुमार पिता संजय सिंह सा० पटेल नगर चास, थाना चास जिला बोकारो।

–: बनाम :–

द्वितीय पक्ष :– 1.सुमित्रा मोदी पति गोपी मोदी, 2.रिंकी देवी पति द्वारका साव दोनो सा० सेक्टर–1/सी, विकास नगर, थाना –बी.एस.सिटी जिला बोकारो।

## कार्यवाही

चास थाना का अप्राथमिकी संख्या 13/20 जो पुलिस निरीक्षक –सह– थाना प्रभारी चास के माध्यम से अग्रसारित होकर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, का अवलोकन किया गया।

उपर्युक्त प्रतिवेदन के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर विवाद है जिससे कभी भी शांति भंग होने की आशंका है। परिणामस्वरूप संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने द०प्र०सं० की धारा 144 के अन्तर्गत दोनों पक्षों के सदस्यों के विरूद्ध निषेधाज्ञा कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु अनुशंसा की है ताकि शान्ति–व्यवस्था बनाया जा सके।

विवादित भूमि का विवरण:–

| राजस्व ग्राम/मौजा का नाम | पुलिस थाना का नाम | खाता सं० | खेसरा/प्लॉट सं० | रकवा |
|---|---|---|---|---|
| चास | चास | 672 | 2454 एवं 2455 | 5 डी० |

चौहद्दी:–

उत्तर – 20फीट चौड़ा सरकारी रास्ता। दक्षिण– शम्भु राम।
पूरब– बलदेव जी ठाकुर पश्चिम– विवादित जमीन।

अतः सम्यक विचारोपरान्त द०प्र०सं० की धारा 144 के अन्तर्गत उपरांकित विवरण की भूमि पर एतद् द्वारा दोनों पक्षों के सदस्यों को जाने से निषिद्ध किया जाता है। साथ ही दोनों पक्षों के सदस्यों को यह आदेश दिया जाता है कि आगामी दिनांक 22/10/2020 ............ को पूर्वाह्न 11.00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर इस आशय का कारण–पृच्छा यदि कोई हो तो अर्पित करें कि उपरांकित भूमि पर जाने के लिए निषेधाज्ञा को क्यों नहीं निरपेक्ष कर दिया जाय।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
चास।

22/10/2020 सूचना का तामिला प्राप्त।
प्रथम पक्ष के हाजरी है। SIC हेतु समय का आवेदन है।
द्वितीय पक्ष के दो सदस्य का हाजरी है। SIC हेतु समय का आवेदन है।
दिनांक 12/11/2020 को रखे।
S.D.M.
Chas

12/11/2020 प्रथम पक्ष के ओर से कारण S.C. हेतु समय का आवेदन है। द्वितीय पक्ष का एक सदस्य का हाजरी है तथा S.C. दाखिल किया गया एवं कागजात का छायाप्रति दाखिल। दिनांक 7/12/2020 को रखें

S.D.M Chas

7/12/2020 प्रथम पक्ष के हाजरी है S.C. हेतु समय का आवेदन है। द्वितीय पक्ष के हाजरी है। दिनांक 10/12/20 को रखें

S.D.M Chas

10/12/20 प्रथम पक्ष के हाजरी है तथा S.C. दाखिल किया गया, द्वितीय पक्ष के हाजरी है। दिनांक 14/12/2020 को रखें

S.D.M Chas

14/12/2020

Sec 144 is imposed since more than 60 days. Sec 144 is time bound, hence case is dropped.

Sd/- 14/12/2020

Sd/- 23/12/20

Digitally signed by PRANJAL DHANDA
Date: 2025.08.23 16.05.17 +05:30
Location: 192.168.1.3